कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री दिनेश कुमार सैनी ''जाकड सदन'' आनन्द कॉलोनी, पी0 जी0 कॉलेज के पीछे, दौसा जिला राजस्थान

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार (भू0अ0) सिकराय, जिला दौसा

अपील सं0 29/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 27.06.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा से सूचना/नकल हेतु दिनांक 10.04.2018 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा व तहसीलदार (भू0अ0) सिकराय, जिला दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा द्वारा उनके पत्रांक आरटीआई/2018/511 दिनांक 05.06.2018 द्वारा अवगत कराया है कि लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय द्वारा उनके पत्रांक टीआरए/2018/81 दिनांक 28.05.18 द्वारा आवेदक को वॉछित सूचना सीधा ही उपलब्ध करवा दी गई है। प्रेषित पत्रादि की छाया प्रति संलग्न पत्रावली है। साथ ही आवेदक को सूचना उपलब्ध कराये जाना अंकित कर अपील निरस्त करने हेतु निवेदन किया है। आवेदक को सूचना उपलब्ध हो जाने के फलस्वरुप अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर,दौसा